**Regarding need to establish a specialized cancer research institute and hospital for children in Jaipur- laid**

श्रीमती मंजू शर्मा (जयपुर) **:** भारत में कम आयु वाले बच्चों में कैंसर एक उभरती हुई प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता है, जिसमें कैंसर रोगियों की उल्लेखनीय संख्या 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों की है । भारत में वर्ष 2012 से 2019 के बीच कैंसर के मामले 1,332,207 दर्ज किये गए । इनमें से लगभग 3.2% और 4.6% मामले क्रमशः 0-14 वर्ष तथा 0-19 वर्ष आयु वर्ग से संबंधित थे । भारत में सभी कैंसर रोगियों में से 3% से अधिक मरीज़ 15 वर्ष से कम उम्र के हैं; 4.6% मरीज़ 20 से कम उम्र के 0-4 और 5-9 आयु वर्ग में कैंसर के सभी मामलों में क्रमशः 42.1% और 42.5% ल्यूकीमिया के कारण होते हैं । राजस्थान की बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए मेरा सरकार से आग्रह है कि मेरे लोकसभा क्षेत्र जयपुर में एक उच्च स्तरीय चाइल्ड स्पेस्लिस्ट कैंसर रिसर्च इंस्टिट्यूट और हॉस्पिटल खोला जाये जिससे बाल कैंसर रोगी नैदानिक परीक्षणों में भाग लेकर नवीनतम उपचारों तथा प्रोटोकॉल का उपयोग कर सकते हैं जिससे न केवल जयपुर कि जनता बल्कि पूरे राजस्थान और आस पास के राज्यों को भी इसका लाभ मिल सकें ।